समाचार

राजस्व वसूली कार्य में आवश्यक तेजी लाएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री राहुल देव ने राजस्व अधिकारियों, निरीक्षकों की बैठक लेकर की राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा)

कोरबा 02 जनवरी 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव ने आज निगम के राजस्व अधिकारियों व निरीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम की राजस्व वसूली में वृद्धि आवश्यक है ताकि हम निर्धारित वसूली लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें, अतः राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाएं, करदाताओं को डिमांड नोट भेंजे, उनसे संपर्क कर बकायाकरों की राशि जमा कराएं। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली कार्यो का संपादन पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ करें, ताकि करों की बकाया राशि का भुगतान निगम कोष में हो सके।

आयुक्त श्री राहुल देव ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं निगम के राजस्व अधिकारियों, निरीक्षकों की उपस्थिति में राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, भवन, दुकान किराया सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्राप्त होने वाले राजस्व के वसूली की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा वर्तमान तक की गई कर वसूली एवं बकाया कर राशि की जोनवार, वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्षो की बकाया कर राशि सहित वर्तमान वर्ष की कर राशि की वसूली में अपेक्षित तेजी लाएं, बकायादारों से सतत संपर्क कर बकाया राशि निगम कोष में जमा करवाएं। आयुक्त श्री देव ने अधिकारियों से कहा कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि करदाताओं से निगम को प्राप्त होने वाले राजस्व की प्राप्ति नियमित रूप से हो तथा करों का भुगतान निगम कोष में समय पर किया जाए।

<u>करों का भुगतान समय पर कर विकास में अपना सहयोग दें</u>– आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के बकायादारों, करदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम को देय करों की बकाया राशि तथा वर्तमान वर्ष की कर राशि का भुगतान निगम को करें तथा शहर के विकास व नागरिक सेवाओं एवं सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने में निगम को अपना सहयोग दें।

वार्डो में शिविरों का आयोजन करें– आयुक्त श्री देव ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली कार्यो को एक अभियान के रूप में संचालित करते हुए वार्डो में राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन करें, इस हेतु तिथि व वार्डवार कार्ययोजना त्वरित रूप से तैयार कराएं तथा निर्धारित तिथियों में वार्डो में शिविर लगाकर करों की बकाया राशि करदाताओं से जमा कराएं। उन्होने कहा कि वार्डो में शिविरों के आयोजन से आम करदाताओं को अपने बकाया करों की राशि का भुगतान करने में सुगमता होगी तथा वे अपने वार्ड में ही कर की राशि जमा करा सकेंगे, इसके लिए उन्हें निगम के जोन कार्यालयों या मुख्य कार्यालय तक आवागमन नही करना पड़ेगा।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ ही सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, राजबहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह, अशोक बनाफर, के.एस.क्षत्री, राजस्व निरीक्षक सुमित गुप्ता, शशांक दुबे, ओमकार सिंह, पी.जी.गोस्वामी, मनीष सिंह, संजय ठाकुर, उत्तम राठौर, चैन सिंह, देवनारायण पैकरा, देवव्रत आदित्य, जवाहरलाल गोंड़, घसियाराम सिदार, शत्रुहन प्रसाद, एम.एल.नेताम, कपिल श्रीवास्तव, दिलेश्वर सिंह आदि के साथ अन्य राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित थे।